तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 5 मार्च 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 एनक्यूएएस प्रमाप पत्र हासिल करने की कवायद...


12 राशि आहरित नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी...


## खबर संक्षेप

### कुंभज ऋषि आश्रम में मानस सम्मेलन आज से

**सिहावा।** सप्तऋषियों की पावन धरा महानदी चित्रोत्पला गंगा के समीप महर्षि कुंभज ऋषि तपोभूमि आश्रम डोंगरीपारा सिहावा में महाशिवरात्रि पर्व पर तीन दिवसीय मानस सम्मेलन 5 से 7 मार्च तक आयोजित है। श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील आयोजक समिति ने की है।

### ओपन स्कूल प्रवेश पत्र का वितरण आज से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा अप्रैल 2024 की मुख्य एवं अवसर परीक्षा के प्रवेश पत्र का वितरण 5 मार्च से डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा।

### सरगी में शिव जलाभिषेक 7 को

**मगरलोड।** ग्राम सरगी में महाशिवरात्रि के अवसर पर 7 मार्च को शिव जलाभिषेक, अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। इस दौरान विधि-विधान से शिवजी की पूजा कर जलाभिषेक किया जाएगा। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खुंदनी जिला बालोद के कलाकारों की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी संतूराम ध्रुव, भूषण साहू, प्रीत साहू ने दी है।

### मेघा में रूद्र महायज्ञ 6 से

**मगरलोड।** महानदी के मेघा घाट में श्रीराम जानकी, विष्णु, लक्ष्मी, शिवजी व हनुमान मंदिर स्थापित है। ग्राम मेघा, सेन्हाभाठा के ग्रामीणों के सहयोग से यहां 6, 7, 8 मार्च को रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञकर्ता संत सत्यानंद संतकुटी मेघाघाट होंगे। 6 मार्च बुधवार को जल यात्रा दोपहर 2 बजे, 7 मार्च गुरुवार को पूजा हवन सुबह 9 से 2 बजे तक, 8 मार्च शुक्रवार को पूजा आहुति एवं प्रसादी भंडारा दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा। प्रवचनकर्ता रामेश्वर प्रसाद पाठक रायपुर 8 मार्च को दोपहर 2 बजे शिक्षा पर कार्यक्रम देंगे।

### 5 अप्रैल को मनेगी मां कर्मा की जयंती

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के महामंत्री दयाराम साहू ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू के निर्देशानुसार मां कर्मा की जयंती 5 अप्रैल को मनाई जायेगी। पूरे छत्तीसगढ़ में एक ही समय सुबह 11 बजे मां कर्मा की महाआरती होगी। कलश यात्रा निकलेगी। खिचड़ी का भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। शाम को घर आंगन में रंगोली बनाकर पांच दीपक जलाकर घर में रोशनी की जायेगी।

### रामलला के दर्शन के लिए आज रवाना होगा पहला जत्था

- जिले के 133 श्रद्धालु जायेंगे अयोध्या धाम

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की श्री रामलला दर्शन योजना के तहत 5 मार्च को सुबह 6 बजे जिले के 133 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिये रवाना होंगे। कलेक्टर नम्रता गांधी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यात्रियों की वाहन व्यवस्था, स्वल्पाहार, पानी इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों से योजना के तहत हितग्राहियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर उनकी जांच की गई। इसके बाद समिति के सदस्यों की उपस्थिति में ड्रॉ निकालकर निर्धारित कोटे के अनुसार यात्रियों की सूची तैयार की गई है। सूची आईआरसीटीसी और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नोडल एजेंसी को भेजी गई। इसके साथ ही जिले से 40 यात्रियों पर एक अनुरक्षक भी भेजा जा रहा है।

---

### सोलर सिस्टम लगाने पर मिलेगी 1 लाख 86 हजार रुपए की सब्सिडी

# पीएम सूर्यघर को मिल रहा रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पीएम सूर्यघर योजना को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस योजना के तहत सोलर सिस्टम लगाने वालों को 1 लाख 86 हजार रुपए तक सब्सिडी मिलेगी। यही नहीं उपभोक्ता को 300 यूनिट बिजली भी मुफ्त मिलेगी। अब तक 35 लोग इसके लिए ऑफलाइन आवेदन कर चुके हैं। ऑनलाइन पोर्टल में दिक्कतों के चलते अभी आवेदन जमा होना शुरू नहीं हुआ है।

पीएम मोदी ने पूरे देश में पीएम सूर्यघर योजना लांच की है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़वासियों की बल्ले-बल्ले है, क्योंकि योजना के तहत केंद्र के साथ राज्य सरकार भी सब्सिडी दे रही है। वह भी केंद्र सरकार से दो कदम आगे बढ़कर। ऐसे में छत्तीसगढ़ में काफी कम खर्च कर लोग इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के माध्यम से देश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना के तहत अपने रूफटाप पर सोलर सिस्टम लगाने वालों को सब्सिडी के अतिरिक्त हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी।

#### ऑनग्रिड सिस्टम से मिलेगा कनेक्शन

सूर्यघर योजना के तहत छत पर सोलर सिस्टम लगाने वालों को ऑनग्रिड सिस्टम से बिजली कनेक्शन मिलेगा। सोलर सिस्टम सीधे विद्युत लाइन से जुड़ा रहेगा। उपभोक्ताओं के कनेक्शन पर विशेष प्रकार का मीटर भी लगाया जाएगा, जिसमें सोलर सिस्टम से ग्रिड में जाने वाली बिजली और उपभोक्ता द्वारा उपयोग की जाने वाली बिजली, दोनों की अलग-अलग गणना होगी।



#### ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

इस योजना के लिए लोग ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। ऑनलाइन का विकल्प भी दिया गया है। कुछ समस्याओं के चलते अभी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर, बिजली उपभोक्ता का कंज्यूमर नंबर, बिजली बिल व जहां सोलर पैनल लगवाना है, वहां की फोटो देनी है। रजिस्ट्रेशन होने के बाद मोबाइल के माध्यम से सूचना दी जाएगी। स्थल की जांच के बाद सोलर पैनल लगाया जाएगा।

#### मिलेगा भारी भरकम अनुदान

क्रेडा के जिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूर्य घर योजना के तहत लोगों के घर की छत पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। इसके लिए उन्हें अनुदान भी मिलेगा। केंद्र सरकार से एक किलोवाट के सोलर पैनल लगाने पर 30 हजार रुपए सब्सिडी दी जाएगी है। दो किलोवाट पर 60 हजार व तीन किलोवाट या इससे ज्यादा का सोलर पैनल लगवाने पर 78 हजार की सब्सिडी मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा 1 किलोवाट पर 35 हजार, 2 किलोवाट पर 66 हजार और 3 किलोवाट या ज्यादा पर 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

---

# पटवारी की अभद्रता पर भड़के साथी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

संघ की बैठक में एक पटवारी द्वारा अभद्रता की गई जिसका विरोध करते हुए पटवारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पटवारियों ने अभद्रता करने वाले पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पटवारियों ने बताया कि सोमवार की दोपहर 2 बजे पटवारी संघ भवन धमतरी में पटवारियों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में पटवारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा चल रही थी। इस बैठक में एक पटवारी ने शराब के नशे में अन्य पटवारियों के साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया। बैठक में व्यवधान डाला। धमतरी तहसीलदार दुर्गा साहू को ज्ञापन सौंपते हुए पटवारियों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है।

---

# बिजली कटौती-लो वोल्टेज से डुबानवासी परेशान



- हैंडपंपों से निकल रहा गंदा पानी, नमूना लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल डुबान क्षेत्र के ग्राम भिड़ावर, कोड़ेगांव, बारगरी के लोग बिजली कटौती, लो वोल्टेज तथा हैंडपंपों से निकल रहे गंदे पानी से परेशान है। सोमवार को ग्रामीण जनदर्शन में गंदा पानी का नमूना लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे।

ग्रामीण दौलतराम, जितेंद्र सिन्हा, चिंतामणि साहू ने बताया कि उनके गांवों में मोटरपंप की विद्युत लाइन अलग से लगाई गई है जिसमें 6 घंटे की विद्युत कटौती की जाती है। शाम 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक विद्युत कटौती के अलावा लो-वोल्टेज से किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कभी-कभी रात भर बिजली गुल रहती है। उन्होंने बताया कि विद्युत कटौती सिर्फ भिड़ावर, कोड़ेगांव, बारगरी में ही की जाती है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से लो वोल्टेज बिजली कटौती को बंद करने की मांग की है। तिलक निषाद, मयाराम पटेल, दानेश्वर साहू, पूरणलाल, दिलीप, पुनऊ, रामचरण ने बताया कि हैंडपंपों से गंदा पानी निकल रहा है। इससे गांवों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है।

---

# महापौर के खिलाफ भाजपाइयों ने बोला हल्ला

- सामान्य सभा की बैठक बुलाने, 8 करोड़ की राशि की वापसी, निष्क्रियता तथा लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर विकास में निष्क्रियता, लापरवाही तथा सामान्य सभा की बैठक नहीं बुलाने के आरोप में सोमवार को भाजपा नगर मंडल ने कलेक्टोरेट में जमकर हल्ला बोला है। शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू के नेतृत्व में नगर निगम के सामने से भाजपाई पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के बाद कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि महापौर विजय देवांगन से बार-बार सामान्य सभा की बैठक आयोजित करने की मांग के बाद भी आज तक सिर्फ 4 बैठकें हुई। यह शहर तथा जनता के प्रति घोर लापरवाही है। इस कारण शासन से आई राशि विकास कार्यों में न लगते हुए वापस हो गई। भाजपाइयों ने कलेक्टर से कहा है कि उनके माध्यम से नगरीय प्रशासन विभाग को अनुशंसा करते हुए राज्य सरकार से महापौर की बर्खास्तगी का पत्र प्रेषित करने की मांग की है।

भाजपाइयों ने ज्ञापन में महापौर की बर्खास्तगी प्रस्ताव के 3 बिंदुओं पर जोर देते हुए कहा है कि शासन द्वारा शहर के 40 वार्डों में विकास के लिए भेजी गई वर्तमान में 5 करोड़ की राशि तथा पूर्व में 3 करोड़ की राशि की पुनः वापसी महापौर की निष्क्रियता एवं लापरवाही का महत्वपूर्ण आधार है। नगर निगम अधिनियम 1956 में निहित प्रावधानों के तहत प्रत्येक 2 माह में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जानी है लेकिन इसका घोर उल्लंघन करते हुए 4 साल में मात्र 4 बैठक की गई है। नगर निगम द्वारा संचालित विकास कार्यों में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, घोर अनियमितता, सामग्रियों की खरीदी बाजार दर से कई गुना अधिक मूल्य में किए जाने से निगम को आर्थिक क्षति पहुंची है।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, महामंत्री द्वय नीलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा, राजेन्द्र शर्मा, धनीराम सोनकर, विजय मोटवानी, प्राची सोनी, प्रकाश सिन्हा, बिसेन निषाद, दीपक सिन्हा, सुशीला तिवारी, नीलू डागा, मिथिलेश सिन्हा, अज्जू देशलहरा, रश्मि त्रिवेदी, रितेश नेताम, हेमंत बंजारे, श्यामा साहू, महेन्द्र पंडित, उमेश साहू, महेन्द्र खंडेलवाल, धर्मेन्द्र लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।



#### महापौर, अधिकारी, सभापति में समन्वय नहीं : नरेन्द्र रोहरा

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा, महामंत्री नीलेश लुनिया ने कहा कि बजट बैठक होनी चाहिए लेकिन अभी तक कोई योजना नहीं बनी है। सामान्य सभा के अभाव में 200 युवा जाति प्रमाण पत्र से वंचित हैं। एक साल से वे चक्कर लगा रहे हैं। 8 करोड़ की राशि वापस हो गई। बैठक में महापुरूषों के नामकरण सहित अनेक एजेंडा बैठक में प्रस्ताव पारित होना है। विशेष सभा बुलाकर जाति प्रमाण पत्र प्रस्ताव को मंजूर करना चाहिए लेकिन निगम में महापौर, सभापति, आयुक्त में समन्वय नहीं है।

#### भाजपाइ पार्षदों ने ही कार्यों को निरस्त कराया : महापौर

महापौर विजय देवांगन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि भाजपाई पार्षद सिर्फ हल्ला मचा रहे हैं। वे सरासर झूठ बोल रहे हैं। भाजपाई पार्षदों ने ही स्वीकृत विकास कार्यों को निरस्त कराया है। इनका विकास विरोधी चेहरा किसी से छिपने वाला नहीं है। इनका शासन है तो नये काम की स्वीकृति शहर विकास के हित में दिलानी थी। बहुत सारे काम का वर्कऑर्डर सप्ताह भर पहले हुआ है। कुछ कार्यों का टेंडर प्रोसेस में है। उन्होंने बताया कि सामान्य सभा की बैठक के लिए उन्होंने सभापति से 2 बार अनुरोध किया है। पार्षदगण भी सभापति से निवेदन कर चुके हैं। 4 साल के कार्यकाल में जनहित और मूलभूत के कार्य सभी 40 वार्डों में हुए हैं। उनका काम वार्डों में दिख रहा है। कोई और मुद्दा नहीं होने के कारण व्यक्तिगत रूप से बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

---

# गांव से 3 किमी दूर जंगल में मृत मिला युवक

- मौत का कारण संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बाजा बजाने तीन दिन पहले घर से निकले युवक की लाश गांव से तीन किमी दूर जंगल में पड़ी मिली। युवक का मौत का कारण संदिग्ध बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वापथरा निवासी रोहन यादव पिता नारद उम्र 18 वर्ष धुमाल पार्टी में बाजा बजाने का काम करता था। तीन-चार दिन पहले युवक अपनी धुमाल पार्टी के साथ शादी समारोह में बाजा बजाने आटो से ग्राम बालोदगहन गया था। जहां शादी में बाजा बजाने के बाद उसके साथी वापस लौट गये थे लेकिन रोहन पुरूर जाने की बात कहकर वहां से निकल गया। किसी से मोटरसाइकिल मांगकर युवक चारामा की तरफ निकल गया था जो घर वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन रविवार की दोपहर उसके गांव मड़वापथरा से तीन किलोमीटर दूर भर्री-बलिया खार के पास के जंगल में रोहन यादव मृत पड़ा था। वहीं एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24-8911 खड़ी थी । युवक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं थे। सूचना पर रूद्री पुलिस मौके पर पहुंच शव की शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। युवक की पहचान ग्राम मड़वापथरा निवासी रोहन यादव के रूप में होने के बाद पंचनामा की कार्रवाई की गई। मृतक की तलाशी लेने पर उसकी जेब से गांजे की पुड़िया व चिलम बरामद हुआ है। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान ने अपने साथी कमल साहू के साथ शव को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल के मर्च्युरी पहुंचाया। सोमवार तक लाश की स्थिति ज्यादा खराब होने पर जिला अस्पताल के डाक्टर पोस्टमार्टम के लिए रायपुर रिफर करने की तैयारी कर रहे थे। युवक की मौत हत्या है या आत्महत्या, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि युवक घर से 8 हजार रूपये लेकर निकला था लेकिन मृतक की तलाशी में पैसा बरामद नहीं हुआ। वहीं चारामा रोड में टोल प्लाजा के पास कुछ अज्ञात युवकों ने रोहन को रोककर बाइक की चाबी को लेकर उससे छीनाझपटी भी की थी।



#### जांच जारी है

रूद्री थाना में पदस्थ जांच अधिकारी एएसआई घनश्याम प्रसाद वर्मा ने बताया कि रविवार की दोपहर मड़वापथरा के जंगल में एक युवक की लाश मिली है। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम के बाद खुलासा हो पायेगा।

---

# बस की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत, युवक घायल

- अर्जुनी चौक के पहले हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल से लौट रहे बाइक सवार युवक व युवती को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इस घटना में युवती की मौत हो गई है। वहीं युवक घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुपेला बेल्हारी निवासी गैंदलाल साहू सोमवार को भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर हंचलपुर निवासी डिकेश्वरी मानिकपुरी 17 वर्ष के साथ गंगरेल घूमने आया था। दोपहर में दोनों बाइक में सवार होकर नेशनल हाइवे से होते हुए वापस भखारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कांकेर रोडवेज की बस क्रमांक सीजी 04 एमवाय 7776 के चालक ने बस को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं युवक को भी चोट आई है। सूचना पर कोतवाली पुलिस व रक्तदान एम्बुलेंस तत्काल घटनास्थल पहुंच गई। घायलों को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में युवती की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। कोतवाली पुलिस बस को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।





---

### चारों ब्लाक में लगेगा जांच व जागरुकता शिविर

# विश्व श्रवण दिवस पर आठ हितग्राहियों को मिला श्रवण यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राष्ट्रीय बधिरता बचाव व रोकथाम कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से 8 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

लोगों को कानों की देखभाल व रखरखाव के लिए जागरुक करने प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। सोमवार को जिला अस्पताल परिसर में श्रवण बाधित लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचने वाले मरीजों की जांच व उपचार किया गया। इस दौरान श्रवण बाधित 8 हितग्रहियों को सीमएचओ कार्यालय द्वारा हियरिंग एड प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में सीएमएचओ डा.एसके मंडल, सिविलसर्जन डा. अरूण टोंडर, नोडल अधिकारी डा.ए.नसीम, डा.जेएस खालसा ने लोगों को कान की देखभाल को लेकर जागरुक किया। सीएमएचओ डा.मंडल ने कहा कि कान हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसके प्रति लोगों में जागरुकता जरुरी है। जागरुकता शिविर जिले के चारों ब्लाक व सीएचसी स्तर पर सप्ताह भर लगेगा। जहां 40 प्रतिशत से अधिक श्रवण बाधित लोगों को हियरिंग एड दिया जाएगा। इसके लिए 28 श्रवण यंत्र की खरीदी की गई है। जिला नोडल अधिकारी डा. नसीम ने बताया कि विश्व श्रवण दिवस में इस बार की थीम लोगों के दिमाग में बदलाव लाना है, कान के संबंध में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देनी है जिससे लोगों की सोच में बदलाव आ सके। श्रवण दिवस जिले में सप्ताह भर मनाया जाएगा। सभी ब्लाक व सीएचसी के माध्यम से लोगों को कान के प्रति जागरुक किया जाएगा। 40 प्रतिशत से कम सुनाई देने पर मेडिकल बोर्ड से प्रमाण-पत्र बनवाया जाएगा। तत्पश्चात हितग्राही को हियरिंग एड प्रदान किया जाएगा। इस दौरान ईएनटी विभाग से नारायण साहू, टिकेश्वर शर्मा, खेमराज साहू, तिजेंद्र साहू, गोपीकृष्ण साहू, भागेश्वर लोधी सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768, 9098324969

## खबर संक्षेप



### डीजे की ध्वनि से परीक्षार्थी परेशान

**मगरलोड।** गांवों में हो रहे विवाह में देर रात्रि तक बाजे व डीजे की धमाकेदार ध्वनि से परीक्षार्थी परेशान है। पुलिस थाना अंतर्गत गांव में बिना रोक-टोक के विवाह स्थल पर डीजे व बाजा बज रहा है।

■ गांवों में देर रात्रि तक बज रहा वाद्ययंत्र

धमाकेदार ध्वनि से पूरे गांव में शोरगुल का माहौल बन रहा है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से 10 वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने में परेशानी हो रही है। शासन प्रशासन द्वारा बच्चों की परीक्षा के समय गांव में देर रात्रि तक ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंध हेतु प्रचार प्रसार नहीं किया गया है जिससे छात्र व पालक परेशान है। ज्ञात हो कि मार्च महीना में विवाह का शुभ मुहूर्त बताया जा रहा है वहीं बच्चों की परीक्षा भी मार्च माह से प्रारंभ हुई है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र गांवों में ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने पालकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है।

देवपुर में निषाद समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन

# सम्मेलन में एक जोड़ा का कराया गया आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 2 व 3 मार्च को राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी थे। अध्यक्षता एमआर निषाद पूर्व अध्यक्ष छग मछुआरा कल्याण बोर्ड ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेशध्यक्ष नेहरू निषाद, हरकराम निषाद उपाध्यक्ष जिला निषाद समाज, एन कुमारी निषाद सरपंच लड़ेर,चेतन यदु सरपंच देवपुर, खुमान निषाद जिला कोषाध्यक्ष, अंजोर निषाद अध्यक्ष सिहावा परिक्षेत्र थे। सम्मेलन में 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छह व एक कालेज विद्यार्थियों का समाज के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

■ समाज ने प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान






कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को पूर्व मछुआरा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एमआर निषाद, पूर्व प्रदेशध्यक्ष नेहरू निषाद, सरपंच एन कुमारी निषाद सरपंच लड़ेर, अंजोर निषाद आदि ने संबोधित किया। 3 मार्च रविवार को समाज द्वारा एक जोड़ी का आदर्श विवाह संपन्न कराया गया। सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। कोषाध्यक्ष परमा निषाद द्वारा साल भर के आय- व्यय की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर देवपुर पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, कोषाध्यक्ष परमानंद निषाद, महासचिव नील कुमार निषाद, सहसचिव राजू निषाद, सागर निषाद, मनराखन निषाद, शंभू निषाद, मधु निषाद, लखन निषाद, दिलदार निषाद, उमाशंकर निषाद, उधो निषाद, राकेश निषाद, रामगुलाल निषाद, तोमन निषाद, घनानंद निषाद, अर्जुन निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद समेत बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे। मंच संचालन फागू निषाद, संतोष चंदन, हलदर निषाद ने किया।

# परिणय सूत्र में बंधे 75 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी






मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन एकीकृत बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में किया गया जिसमें 12 सेक्टर के 75 जोड़ों का विवाह कराया गया। पुरोहित पुरूषोत्तम तिवारी ने पूरे रीति-रिवाज से कृषि उपज मंडी प्रांगण में इन जोड़ों को शादी के पवित्र बंधन में बांधा। योजनानुसार सभी जोड़ों को पचास हजार रुपए की राशि दी गई।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहट, रवि दुबे, हृदय साहू, उमेश देव, मनोहर दास मानिकपुरी, मनोज गुप्ता, जिला महिला बाल विकास अधिकारी महेश मरकाम, सोमेंद्र साहू, ललित साहू, जीवन नाहटा, किशन मगेन्द्र, विनोद गुप्ता, राजशेखर नायर, अशोक संचेती, दीपेश निषाद समेत अनेक परिजन एवं नगरवासियों ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया।

## आज रायपुर में नाई सेन समाज का प्रांतीय महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ प्रांत सेन नाई समाज का प्रांतीय महासम्मेलन आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित किया गया है। महासम्मेलन सुबह 10 बजे संत शिरोमणि सेनजी महाराज की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगा। अलग-अलग सत्र में सामाजिक विषयों के साथ समाज की एकता और मजबूती को लेकर चर्चा होगी। इस महासम्मलेन में प्रदेशभर से समाज के लोग शामिल होंगे। कवर्धा, बेमेतरा, बालोद, धमतरी जिले से लेकर समूचे बस्तर संभाग और बिलासपुर, अंबिकापुर सरगुजा तक सभी संभाग और जिलों में महासम्मलेन को ऐतिहासिक बनाने तैयारी की गई है। महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, सेलून महासंघ समेत अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व सदस्य भी जुटे हुए हैं। महासम्मेलन में समाज के वरिष्ठजन अपने विचार से समाज को मार्गदर्शन देंगे। गांव गंवई से लेकर शहर में सेलून व ब्यूटी पार्लर व्यवसाय तक के हित में चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि इस महासम्मेलन से समाज में एक बेहतर संदेश जाएगा। सरकार तक भी समाज की बात पहुंचेगी। समाज की कई मांगों से सरकार को पहले अवगत कराया जा चुका है, इस महासम्मेलन के साथ ही सरकार का ध्यान पुनः आकृष्ट कराया जाएगा। जिलाध्यक्ष धनसिंग सेन ने समाज के लोगों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

ग्राम मुल्ले का मामला, पुलिस जांच में जुटी

# छट्ठी कार्यक्रम में मेहमानों ने की घरवालों से मारपीट







हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मुल्ले में छठ्ठी कार्यक्रम के दौरान घरवालों और मेहमानों के बीच घरेलू एवं पारिवारिक बातों को लेकर मारपीट हो गई। शिकायत पर बिरेझर पुलिस चौकी मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस चौकी बिरेझर में एफआईआर दर्ज कराते हुए ग्राम मुल्ले निवासी खिलेश जोशी पिता कैलाश जोशी ने बताया कि 3 मार्च को पुत्र थानेश्वर जोशी के जन्मोत्सव पर छठ्ठी कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में शामिल होने मेरे ससुर सुखचंद डहरिया एवं सास ममता डहरिया निवासी ग्राम कुसमा (कोण्डागांव) शाम को आये। इसी दौरान घरेलू एवं पारिवारिक बातों को लेकर सास ससुर मेरे पिताजी के साथ विवाद करने लगे। कुछ देर बाद मेरे ससुर सास नाराज होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान मैंने एवं मेरे भाई दुलेश जोशी ने समझाईश देकर दोनों को शांत कराया किन्तु कुछ देर बाद मेरे ससुर ने अपने रिश्तेदार जितेन्द्र डहरिया एवं अन्य लोगों को फोन कर घर बुला लिया।

3 मार्च की रात्रि करीब 3 बजे उनके रिश्तेदारों ने मेरे घर का दरवाजा तोड़कर अन्दर घुसकर मुझे व मेरे पिताजी से गाली-गलौज कर हाथ मुक्के व डंडे से मारपीट की। बीच- बचाव करने आई मेरी मां अनुसुईया एवं बहन ओम कुमारी जोशी से भी मारपीट की गई। मुझे व मेरे परिवारवालों को जान से मारने की धमकी भी दी है। इस घटना में सभी को गंभीर चोट आई है। घर में तोड़फोड़ भी की गई। खिलेश जोशी ने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नए राशन कार्ड का वितरण



**नगरी।** प्रदेश में सरकार बदलते ही राशन कार्ड भी बदल दिया गया है। नगर पंचायत नगरी द्वारा पूरे 15 वार्डों में नवीन राशन कार्ड का वितरण हितग्राहियों को किया जा रहा है।

## नवागांव (थूहा) में डीजे डांस स्पर्धा 8 को

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थुहा)में शिवशक्ति परिवार और ग्रामवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर सुबह 11 बजे से कलश यात्रा शिवमन्दिर रामसागर पारा से निकाली जायेगी जो पूरे गांव का भ्रमण करेगी। दोपहर 2 बजे भगवान शिव का जलाभिषेक किया जायेगा। शाम 7 बजे महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। 8 मार्च शुक्रवार को नया बाजार चौक नवागांव में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्रुप डांस में प्रवेश शुल्क 301 रूपये रखा गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय 5001 रूपये, तृतीय 3001 रूपये, चतुर्थ 2001 रूपये, पंचम पुरस्कार 1001 रूपये दिया जायेगा। युगल डांस में प्रवेश शुल्क 201 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 2001 रूपये, द्वितीय 1001 रुपए रखा गया है। एकल डांस में प्रवेश शुल्क 151 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 1501 रूपये और द्वितीय पुरस्कार 701 रूपये है।

# साहित्यकार अधमरहा ने देहदान कर दिया मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



साहित्यकार समाज को आइना दिखाता है। यह बात नोहर लाल साहू अधमरहा के लिए सटीक साबित होती है। उन्होंने जीतेजी साहित्य की सेवा की महतारी भाषा को पोठ करने जी तोड़ मेहनत की और मरणोपरांत अपना देहदान कर मानवता का संदेश दिया।

■ 11 नवम्बर 2017 को की थी देहदान की घोषणा

2 मार्च 2024 की रात्रि में उनका निधन होने पर शरीर रचना विज्ञान विभाग चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को देहदान किया गया। सुबह टीम आकर शरीर को ले गई। इनके पुत्र गीतेश सिंह साहू ने बताया कि पुलिस चौकी करेली बड़ी प्रभारी को आवेदन लिखकर जानकारी दी गई थी। अपने पिता के शरीर को सभी परिवार की उपस्थिति में सहमति के साथ दान किया गया। उनके पिता ने 11 नवम्बर 2017 को देहदान करने की घोषणा की थी। मगरलोड के स्वास्थ्य अधिकारी ने शरीर का परीक्षण किया गया। मृतक के पुत्र पुत्री चंद्रशेखर साहू, कोमल सिंह साहू, गीतेश सिंह साहू, मुनेश साहू, प्रेमिन की सहमति और सम्मान के साथ मेडिकल छात्रों के लिए देहदान का सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि 20 मई1951 में ग्राम हसदा नंबर वन में जन्मे वरिष्ठ साहित्यकार नोहर लाल साहू अधमरहा ने गांव में रहकर आठवीं तक की पढ़ाई की । धीरे-धीरे कृषि कार्य करते हुए टेलरिंग कार्य में जुड़ गए। उनकी मां दया देवशीर साहू पिता स्वर्गीय गोविंद राम साहू थे। उनकी पत्नी स्व. तुलसी देवी साहू और चार बेटे और बेटी भी हैं। श्री साहू ने साहित्य के माध्यम से समाज की सेवा की। रत्नांचल जिला साहित्य परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार साहिर ने बताया कि अधमरहा जी सरल स्वभाव के थे। मिलनसार और व्यक्तित्व के धनी थे।

### अस्वस्थता के कारण हुआ निधन

मृतक ने अपनी इच्छा के अनुरूप देहदान घोषणा की थी। इसकी सूचना चौकी को प्राप्त हुई थी। परिवार की सहमति पर शरीर को चिकित्सा महाविद्यालय को दान किया गया। अस्वस्थता के कारण निधन हुआ है।

- अजय सिंह ठाकुर, *चौकी प्रभारी करेली बड़ी*

## बच्चों को दी पल्स पोलियो की खुराक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम कठौली की आंगनबाड़ी में 3 मार्च रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद सरपंच कविता साहू और सागर साहू द्वारा पिलाई गई। मौके पर पुनेन्द्र देव साहू सरपंच प्रतिनिधि, खिलावन साहू सीएचओ, टिकेश्वरी आरएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुक्मणी साहू, मितानिन खेमीन साहू श्यामा साहू, सारिका साहू, कुमारी साहू उपस्थित थे।

### शिवरात्रि महोत्सव पर होंगे 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**जीजामगांव।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीजामगांव द्वारा शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 5 से 7 मार्च तक भव्य झांकी का आयोजन किया गया है। इस महोत्सव का विधिवत उद्घाटन राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी सरिता दीदी संचालिका धमतरी जिला करेंगी। झांकी के दूसरे दिन बीके फतिश अभनपुर एवं उनके साथियों द्वारा संगीत संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम के बारे में ब्रम्हाकुमारी रेखा ने बताया कि शिवरात्रि महोत्सव झांकी का आयोजन अंचल में प्रथम बार हो रहा है। यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस झांकी में विश्व प्रसिद्ध 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों की विशेषताओं की पहचान कराई जाएगी ताकि जीवन जीने की कला सीख सके।

# कुएं में मिली वृद्ध महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम अछोटी में कुएं में डूबने से वृद्धा की मौत हो गई। बीते रविवार की सुबह लगभग 8 बजकर 30 मिनट ग्रामीणों को शीतला तालाब किनारे के कुएं में वृद्ध महिला की लाश मिली। ग्रामीणों ने तत्काल कुरूद पुलिस को सूचना दी।

कुरूद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अछोटी निवासी अनूपी बाई साहू पति लक्षण साहू उम्र 65 वर्ष 1 मार्च की दोपहर 2 बजे लापता थी। ग्रामीणों ने उसकी खूब पतासाजी की लेकिन कहीं भी वृद्ध महिला के मिलने की सूचना नहीं आई। रविवार की सुबह लगभग 8 बजकर 30 मिनट में उनकी लाश गांव के शीतला तालाब के कुएं में देखी गई। मौके पर पहुंची कुरूद पुलिस ने शव का पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि वृद्धा की लगभग 5 वर्ष से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वृद्धा की कुएं में मिली लाश का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# दरगहन में पोलियो की खुराक पिलाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत दरगहन में 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ईश्वरी पवार और मितानिन श्रीमती बिमला बाई साहू और श्रीमती मीना बाई ध्रुव द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई गई। सरपंच ने भी पोलियो की दवा पिलाई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी है।

हरदी महानदी से रेत लोडिंग कर कुंडेल में किया जा रहा था डंप

# रेत से भरे दो ट्रैक्टर और जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



रविवार की सुबह अवैध रेत का भंडारण कुण्डेल में हो रहा था। खनिज विभाग ने यहां छापामार कार्रवाई की। रेत से भरे दो ट्रैक्टर और एक लोडिंग करते हुए जेसीबी को जब्त किया। हरदी महानदी से रेत लोडिंग कर कुण्डेल में डंपिंग की जा रही थी। खनिज विभाग के अधिकारी ने पकड़े गए वाहनों को पुलिस चौकी करेली के सुपुर्द किया। ये ट्रैक्टर सौंगा, गिरौद के है। जेसीबी भैसमुंडी की है। उल्लेखनीय है कि कुण्डेल में विगत कुछ दिनों से रेत का अवैध डंप कर उन्हें जेसीबी के जरिये हाइवा में लोडिंग कर बाहर भेजा जाता है। सुबह से महानदी से रेत लोडिंग कर गांव में जगह-जगह भंडारण कर रेत बेची जाती है। इस कार्य में अन्य गांवों के ट्रैक्टर लगे होते थे। खनिज इंस्पेक्टर जीत चंद्रकार ने बताया कि कुण्डेल में अवैध रेत का भंडारण किया जा रहा था। इस अवैध कार्य में लगे 2 ट्रैक्टर और 1 जेसीबी पर जब्ती की कार्रवाई खनिज एक्ट के तहत की गई। वाहनों को पुलिस चौकी करेलीबड़ी रखा गया है। ज्ञात हो कि करेलीबड़ी, खट्टी महानदी में जमकर अवैध रेत उत्खनन होता है। यहां ट्रैक्टर वाहनों की कतार लगी होती है। इससे पहले सरपंच, पंचों ने बैठक कर नायब तहसीलदार से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की थी।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

डॉ अक्षय बैद
MS,MCh,
Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
01 मार्च 2024 शुक्रवार

डॉ करण सराफ
MD,DM
Nephrologist
किडनी रोग विशेषज्ञ
05 मार्च 2024 मंगलवार

डॉ आशु जैन
MS,MCh,
Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
08 मार्च 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

**खबर संक्षेप**

### आईटी और सोशल मीडिया के उपयोग की दी जानकारी

**धमतरी।** आईटी सेल की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक लेने आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक आदित्य कुरील आये थे। बैठक में आईटी और सोशल मीडिया का उपयोग कैसे करके लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट पाना है, इस विषय पर कार्यशाला लगाई गई। साथ ही नमो एप को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित कर लोकसभा चुनाव में इसका सकारात्मक उपयोग करना सिखाया गया। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जिला संयोजक विनय जैन, सोशल मीडिया जिला संयोजक कमलेश चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी विनोद पांडे, आईटी सेल विधानसभा प्रभारी अजय गार्डिया, आईटी सेल विधानसभा सहप्रभारी राजीव चंद्राकर, सन्नी असाई, शंकर मानिकपुरी, एसएम विधानसभा प्रभारी जसलीन अजमानी, आईटी सेल शहर मंडल धमतरी संयोजक श्रीमती रितिका यादव, रितेश नेताम, आईटी सेल मगरलोड मंडल संयोजक तामेश्वर साहू, नोकेश्वर ध्रुव, गंगरेल मंडल सहसंयोजक राहुल दास मानिकपुरी, रेमन ध्रुव समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### माताओं ने कुर्सी दौड़ बच्चों ने चित्र पठन में किया कमाल

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली में मातृ सम्मेलन एवं अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि रोशनी पवार जनपद सदस्य थीं। अध्यक्षता दिनेश सिन्हा सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि भारत साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, लखनलाल साहू सेवानिवृत शिक्षक मुजगहन, अघनु राम साहू पूर्व सरपंच मुजगहन, लता सिन्हा पंच, पार्वती सिन्हा पंच, चंदूलाल साहू, प्रकाश पवार थे। विद्यालय के प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विद्यालय विकास व बच्चों के सर्वागीण विकास पर अपने विचार रखे एवं विद्यालय में चल रहे नवाचार एवं गतिविधियों की प्रशंसा की। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत बच्चों के साथ दो गतिवधियां कराई गई। माताओं के लिए कुर्सी दौड़, बच्चों द्वारा चित्र पठन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी एवं ललित सिन्हा विस स्त्रोत समन्वयक शामिल हुए। बच्चों ने झांकी प्रस्तुत की। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों द्वारा चार भाषाओं में परिचय प्रस्तुत किया गया। अंत में सभी माताओं, बच्चों, शिक्षिकाओं, द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के बच्चे निहालिक सेन, मीनाक्षी साहू, प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, कल्याणी ठाकुर, कंचन धुरन्धर, रसोइया, ललिता, ओमेश्वरी, स्वीपर तुलसी का योगदान रहा। मौके पर कन्या स्कूल आमदी की प्रधानपाठिका तृप्तिरानी मंडावी, माध्यमिक शाला से शर्मा मेडम, लालेश सिन्हा, सविता महोबे, हायर सेकेंडरी से गोस्वामी, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक केशव साहू, देवांगन मेडम, गजेंद्र मेडम, तारम मेडम, प्राथमिक शाला मुजगहन से रसोइया ललिता महाडिक, दुर्गा साहू, कुमारी बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण जगबेड़ा, प्रेमिन नेताम, युवा स्टार समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डांडेसरा स्कूल के छात्रों ने किया जंगल सफारी का भ्रमण

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 28 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शाला के 26 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के तहत शाला की प्रधानपाठिका और शाला विकास समिति के सदस्यों के नेतृत्व में जंगल सफारी, मुक्तांगन एवं शदाणी दरबार पहुंचे। इस दौरान बच्चों एवं पालक सदस्यों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षिका शाहनाज बानो, वीणा गजेंद्र, अनीता साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष राजनारायण दीवान, मोनिका साहू, पूर्णिमा कंवर, डामिन कंवर, गायत्री जोशी उपस्थित थे।

परखेगा मापदंड : आगामी दिनों में केंद्र सरकार की मूल्यांकन टीम करेगी भ्रमण

# एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र हासिल करने की कवायद में सिविल अस्पताल कुरुद



### पद रिक्तता के बावजूद दे रहे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

बीएमओ डॉ. यू एस नवरत्न ने बताया कि यहां महिला रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, ऐनेथिस्ट, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ के पद रिक्तता के बाबजूद समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के संचालन में निरन्तर प्रगति देखी गई । विकासखण्ड के अन्य स्वास्थ्य संस्था, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथ.स्वा. केन्द्र तथा उप स्वा. केद्रों में कार्य उपलब्धि उत्कृष्ट रही। कोविड - 19 महामारी के संक्रमणकाल में टीकाकरण का लक्ष्य भी शतप्रतिशत प्राप्त किया। यहां ओपीडी प्रति दिवस 250 से 300 औसत रहती है। संस्थागत प्रसव 78 से बढ़कर 99 प्रतिशत, पूर्ण टीकाकरण 86 से बढ़कर 96 प्रतिशत हो गया है जिसके कारण मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर में की कमी आई है।

### अधीनस्थ स्वास्थ्य केंद्र भी चिन्हांकित

भारत सरकार द्वारा अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता निर्धारण करने हेतु संचालित कायाकल्प एवं एन.क्यू.ए.एस योजना में विकासखण्ड में सिविल अस्पताल कुरूद के अतिरिक्त सामु. स्वा.केन्द्र भखारा तथा प्राथ. स्वा.केन्द्र चटौद, नारी, परखंदा तथा 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रत्येक वर्ष इसमें सम्मिलित होकर उच्चतम अंक प्राप्त कर पुरूस्कृत हो रहे है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथ. स्वा.केन्द्र चटौद एवं नारी तथा उप स्वा.केन्द्र गाडाडीह को एन.क्यू.ए.एस. के तहत गुणवत्ता पूर्ण सेवा प्रदान करने हेतु भारत सरकार की टीम द्वारा संस्था का मूल्यांकन प्रमाण- पत्र प्रदान किया गया है। वित्तीय वर्ष के लिए सिविल अस्पताल कुरूद के अलावा आयु. आरोग्य मंदिर मरौद, अटंग, मड़ेली को भी उक्त प्रमाण पत्र हेतु चिन्हाकित कर तैयारी की जा रही है।

### मापदंडों को पूरा करने की जा रही मरम्मत




वर्तमान में सिविल अस्पताल कुरूद में सभी सेवाओं के मापदण्ड के अनुरूप आवश्यक अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कर सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रसवोत्तर कक्ष, पैथालॉजी कक्ष का विस्तार, स्टाफ तथा मरीज व परिजन हेतु वाहन पार्किंग जगह की उपलब्धता, ट्रायज क्षेत्र का निर्माण, बायोमेडिकल संग्रहण एवं निष्पादन कक्ष, ओपन नालियों को बन्द किया गया। 20 बिस्तर वार्ड में मरीजों की निजता को ध्यान में रखते हेतु पार्टीशन कराया गया है। मृत शरीर को रखने कक्ष निर्माण से लेकर पुराने भवनों का रंग रोगन किया जा रहा है।

यशवंत गंजीर ⏭ कुरूद

आने वाले कुछ दिनों में केन्द्र सरकार की मूल्यांकन टीम सिविल अस्पताल कुरुद के भ्रमण पर आएगी। यदि केंद्रीय टीम के मूल्यांकन में यह संस्था खरी उतरती है तो इन्हें एनक्यूएसस प्रमाण-पत्र के साथ विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। जिस पर खरा उतरने यहां जमकर कवायद की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 1952 से 6 बिस्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में अपना सफर शुरू करने वाला सिविल अस्पताल कुरुद का बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2006-07 में इसे 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन किया गया। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने 2014-15 में इसे 50 बिस्तर सिविल अस्पताल का दर्जा दिलवाया। उन्हीं की बदौलत इस साल के बजट में इसे 100 बिस्तर अस्पताल बनाने की स्वीकृति मिल गई है। लेकिन 70 साल पहले बनी इमारत में यह संस्था आज भी क्षेत्रवासियों की सेहत का ख्याल रखने का काम कर रही है।

# तपोवन सांकरा में महाशिवरात्रि मेला शुरू



- मेले का मुख्य आकर्षण 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, थ्री डी फ्लॉवर आर्ट शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर आत्म अनुभूति तपोवन में सात दिवसीय मेला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन विधायक ओंकार साहू, राजयोगिनी सरिता दीदी ने किया।

इस अवसर पर सरिता दीदी ने कहा कि परमपिता शिव परमात्मा के अवतरण का पर्व महाशिवरात्रि को हम सभी भक्ति भावना के साथ मनाते हैं। इस वर्ष परमात्मा शिव के अवतरण पर्व को 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के रूप में मना रहे हैं। मेले की जानकारी देते हुए सरिता दीदी ने कहा कि यह मेला 10 मार्च तक संध्या 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा। इस मेले का मुख्य आकर्षण 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, 3डी फ्लॉवर आर्ट शिवलिंग, द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन, स्वर्ग दर्शन, होलोग्राफिक शिवलिंग हैं। बच्चों के लिए गेम रखे गए हैं।

### कालेज की वार्षिक परीक्षा 5 मार्च से 18 मई तक

**धमतरी।** विश्वविद्यालय ने मार्च-अप्रैल 2024 में आयोजित होने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी घोषित कर दी है। वार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक बीएससी, बीएससी होमसाइंस, बीसीए, बीकॉम भाग एक, दो, तीन एवं एमए पूर्व, अंतिम अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी की परीक्षाएं होंगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक बीए भाग एक, दो, तीन एवं एमए पूर्व अंतिम संस्कृत ,समाजशास्त्र, इतिहास ,हिन्दी तथा एमएससी पूर्व, अंतिम गणित ,एमकॉम पूर्व, अंतिम की परीक्षाएं होंगी। वार्षिक परीक्षाएं 5 मार्च से प्रारंभ होकर 18 मई तक चलेगी।

## ओबीसी का संवैधानिक अधिकार खतरे में : शत्रुहन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने अपने आवास पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दल गठबंधन बनाकर चाहे कोई भी सियासी चाल चले, इस बार नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों को आबादी के अनुसार 52 प्रतिशत हिस्सेदारी (आरक्षण) देने और जातीय जनगणना करवाने के अपने वादे से मुकर जाने का मुद्दा ही आगामी लोकसभा चुनाव का केंद्र बिंदु होगा। ओबीसी के लोग ख़ासकर युवक-युवतियां अब अपने संवैधानिक हकों व स्वाभिमान को प्राप्त करने के एकजुट हैं।

श्री साहू ने आगे कहा कि पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकारों में अवैधानिक अड़चने पैदा कर कुचलने का षड्यंत्र किया जा रहा है जिसके कारण देश के विभिन्न राज्यों में लागू आरक्षण नीति में असमानता व खामियों को दूर नहीं किया जा सका है।

## खरतुली स्कूल के छात्रों ने देखा मैत्री बाग

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली के बच्चों ने मैत्री बाग भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा के मार्गदर्शन में किया। शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने अपने अनुभव को यात्रा वृतांत के रूप में लेखन कार्य किया। अच्छे लेखन को पुरस्कृत किया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में पाठ्य गत अनुभव एवं प्रत्यक्ष अवलोकन, पशु पक्षियों एवं पेड़ पौधों के प्रजातियों के



विश्लेषण, जानवरों के खानपान, रहन सहन की समझ, वर्गीकरण, झील फव्वारा, प्राकृतिक दृश्यों का आनन्द, ग्रामीण एवं शहरी परिवेश की समझ, सामूहिकता, सहयोग की भावना, जिम्मेदारी की भावना आदि गुणों एवं क्षमताओं का विकास हुआ। शैक्षणिक भ्रमण में 44 बच्चे एवं शिक्षिका तारकेश्वरी साहू, कंचन धुरन्धर, पूर्व प्रधानपाठक दीपक नेताम, भारत लाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति, तुलसी उइके स्वीपर सम्मलित हुए।

## पेंटिंग में आकांक्षा, भाषण में देविका रही अव्वल



**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा शैक्षणिकोत्तर गतिविधि अंतर्गत विविध प्रतियोगिता रखी गई। रंगोली, पेंटिग एवं व्यंजन प्रतियोगिता के अलावा तात्कालिक भाषण एवं परिचर्चा प्रमुख रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम टेमेश्वरी, द्वितीय पार्वती एवं तृतीय कुसुम पटेल रही। ऐतिहासिक विषयवस्तु पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा यादव, द्वितीय पार्वती साहू एवं तृतीय निवृत्ति साहू एवं गुरूजोत सिंग रहे। पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा यादव, द्वितीय टेमेश्वरी और तृतीय स्थान पर निवृति साहू रहीं। विद्यार्थियों ने ठेठरी, खुरमा, चौसेला आदि छत्तीसगढ़ का पारंपरिक व्यंजन बनाकर पाक-कला का परिचय दिया। तात्कालिक भाषण में देविका ने नरवा, गरवा, घुरूवा और बारी पर अपना विचार व्यक्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय गुरूजोत सिंग खालसा एवं तृतीय टेमेश्वरी सिन्हा रहीं। परिचर्चा का विषय स्वतंत्रता आंदोलन में स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव का योगदान था। इस विषय पर देविका साहू प्रथम, प्रीति द्वितीय और तृतीय स्थान पर गुरूजोत सिंह खालसा रहे। निर्णायक रीता लकरा सहायक प्राध्यापक, भीखम सिंह साहू, निशा तिवारी थे। इस आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर, सहायक प्राध्यापक कृष्ण कुमार देवांगन, अतिथि व्याख्याता डॉ. जितेन्द्र मानकर एवं विभाग के छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। जनदर्शन में डबरी निर्माण, भूमि विवाद, मानदेय दिलाने, उज्जवला योजना का लाभ दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, भूमि का रकबा एवं नाम सुधारने, सोलर प्लेट लगाने, न्याय योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांग, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन प्रदाय करने, वेतन भुगतान कराने, शौचालय मरम्मत कराने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने संबंधी कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए।

## अधमरहा समाज में फैली कुरीतियों के प्रबल विरोधी थे

- संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति ने दी नोहर लाल को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नोहर लाल साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने संगम सदन कार्यक्रम रखा गया । साहित्यकारों ने स्व. नोहर लाल साहू अमरहा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से बात कही। अधमरहा के अभिन्न मित्र ठेकला निवासी कवि पल्टन राम साहू ने बताया कि अधमरहा समाज में फैली भ्रांतियों, अंधविश्वासों व कुरीतियों के प्रबल विरोधी थे। इनकी रचनाओं में भी इनके विरोधी स्वर सुने जा सकते हैं। धौराभाठा निवासी गीतकार अशोक साहू ने कहा कि अधमरहा जी का जीवन हम सब सबके लिए प्रेरणादायी है। करेली छोटी निवासी कवयित्री उषा किरण निर्मलकर ने कहा कि उनकी कमी सदैव बनी रहेगी। डाभा निवासी साहित्यकार चिंताराम सिन्हा पुजारी ने कहा कि संगम साहित्य समिति की प्रगति में स्व. नोहर लाल साहू का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। आमाचानी निवासी वरिष्ठ साहित्यकार लीलू दास मानिकपुरी ने कहा कि वे सदैव हमारे लिए प्रेरणापुंज बने रहेंगे। संगम साहित्य के अध्यक्ष पुनूराम साहू ने कहा कि संगम के कार्य को संपादित करने में वह मेरे दाहिने हाथ की भूमिका निभाते रहे। उनके बल पर बड़ा से बड़ा कार्य सरलता पूर्वक संपन्न हो जाता था। संगम समिति के संरक्षक खैरझिटी निवासी जेआर साहू ने उनकी स्कूली पढ़ाई भले ही कम थी लेकिन भाव व शब्दों को बारीकी से समझते थे। संगम की निरंतरता और प्रतिष्ठा को बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगम समिति के सचिव आत्माराम साहू ने कहा कि मरणोपरांत देहदान कर समाज की कई भ्रांतियों को तोड़कर अपनी कृतियों और कर्मों के साथ वे मरकर भी हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लालेश्वर सिन्हा, तामेश्वर ठाकुर, विरेंद्र सरल, अशोक कुमार ध्रुव, भोलाराम सिन्हा, पुरुषोत्तम मारकंडे, भास्कर वर्मा, भोपालमणि साहू, श्रीमती अनीता गौर, द्रोण कुमार ध्रुव, संतु राम साहू, कामता प्रसाद, जुबेर जिलानी, लिखेश्वर साहू ,चंद्रहास बघेल, भागवत राम खरे ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### खम्हरिया में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**सांकरा।** ग्राम पंचायत खम्हरिया में स्वास्थ विभाग व्दारा चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 वर्ष से 5 वर्ष के बालक- बालिकाओं को आंगनबाड़ी में पोलियो की दवाई पिलाई गई। इस अवसर पर उपसरपंच पूर्णेन्द्र साहू, नर्स किरण साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू, उषा कश्यप, मितानिन लक्ष्मी कश्यप, सुशीला नेताम, उर्मिला रात्रे, गोपी साहू, ज्ञानू साहू, गणपत समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

एकजुटता से ही समाज का विकास : महापौर विजय देवांगन

# महिमासागर वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




महिमा सागर वार्ड स्थित दानीटोला वार्ड साहू समाज भवन में महापौर निधि एवं पार्षद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विजय देवांगन महापौर ने किया। अध्यक्षता मदन साहू अध्यक्ष दानीटोला परिक्षेत्र ने की। विशिष्ट अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, रोहित कुमार साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज शहर धमतरी, श्रीमती चंद्रभागा साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज शहर धमतरी, रामकुमार साहू सचिव तहसील साहू समाज शहर धमतरी, एमआईसी सदस्यगण राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, राजेश पाण्डेय, केंद्र कुमार पेंदरिया, नीलू पवार मराठापारा वार्ड पार्षद, दीपक सोनकर महिमा सागर वार्ड पार्षद, अज्जू देशलहरे दानीटोला वार्ड पार्षद, विमल साहू उपाध्यक्ष दानीटोला परिक्षेत्र, रंजना साहू उपाध्यक्ष दानीटोला परिक्षेत्र थे। तहसील साहू समाज शहर धमतरी के सचिव डॉ. रामकुमार साहू ने प्रतिवेदन वाचन किया। रामकुमार साहू ने बताया कि भवन निर्माण के लिए पूर्व अध्यक्ष डेरहा राम साहू के अध्यक्षीय कार्यकाल में पांच डिसमिल जमीन खरीदी गई। जमीन खरीदी के लिए समाज के पास पर्याप्त धन नहीं होने के कारण समाज के अंतिम व्यक्ति एवं दानदाताओं के विशेष आर्थिक सहयोग से जमीन खरीद पाना सम्भव हुआ। उन्होंने समाज के पूर्व पदाधिकारी स्व.बेदू राम साहू, शिव कुमार साहू, डोमार साहू, स्व.जीवनलाल साहू, भुवन साहू को याद करते हुए उनके प्रति साधुवाद ज्ञापित किया। पार्षद निधि से दीपक सोनकर ने टाइल्स फर्शीकरण का कार्य करवाया है। तहसील साहू समाज शहर धमतरी के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू ने महापौर विजय देवांगन एवं पार्षद दीपक सोनकर के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने मातृशक्तियों की उपस्थिति की सराहना करते हुए समाज की एकजुटता पर हर्ष व्यक्त किया एवं आगामी कार्यकाल में दानीटोला वार्ड समाजिक भवन को एसी से सुसज्जित कराने का वादा किया। वार्ड पार्षद दीपक सोनकर ने भी भविष्य में सहयोग की बात कही। वार्ड अध्यक्ष कोमल साहू एवं सचिव संगम कुमार साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। संत माता कर्मा की खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया।

### पल्स पोलियो अभियान...



**धमतरी।** जिला अस्पताल में बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाई गई।

## खबर संक्षेप



### शिवरात्रि पर होगी बुढ़ादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

■ नवनिर्मित मंदिर में विराजेंगे भोलेनाथ

**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में भटगांव रोड में आदिवासी समाज द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के दिन 8 मार्च को भगवान महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। रानी दुर्गावती आदिवासी महिला समूह गोकुलपुर वार्ड धमतरी द्वारा नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित है। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूजा-अर्चना होगी। प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। महिला समूह के अलावा समाज के लेखराम नेताम, राजकुमार नेताम, कमलेश कुंजाम, चन्द्रप्रकाश नेताम, राजेश पटोडी तैयारी में जुटे हैं।

### स्किन कैंसर से पीड़ित ट्रक चालक ने मदद मांगी



**धमतरी।** शहर के ट्रक चालक कोमल साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आंख के पास स्किन कैंसर का इलाज कराने सहायता की गुहार लगाई है। उसने बताया कि अब तक इलाज में ढाई लाख रुपए खर्च कर चुका है। आर्थिक तंगी के चलते अब उचित इलाज नहीं करा पा रहा है। धमतरी ब्लाक के ग्राम खपरी निवासी कोमल साहू ने मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित पत्र में बताया कि उसे कुछ साल से स्किन कैंसर की शिकायत है। यह आंख के पास हुआ है, जिसके इलाज के लिए उसने सारी जमापूंजी खर्च कर दिया, फिर भी राहत नहीं मिली। राजधानी रायपुर के प्रख्यात चिकित्सक डा. सुनील कालड़ा ने उन्हें तत्काल आपरेशन की सलाह दी। इस इलाज के लिए करीब साढ़े 4 लाख रुपए खर्च बताया जा रहा है, लेकिन उसके पास इतने रूपये नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मदद की गुहार लगाई है। इसके लिए वह गत दिनों मुख्यमंत्री आवास भी पहुंचा था, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई।

### भारतीय जैन संघटना ने नूतन स्कूल को दी पानी टंकी

**धमतरी।** भारतीय जैन संघटना महिला शाखा द्वारा नूतन स्कूल सिहावा चौक को 1500 लीटर की पानी की टंकी दी गई। संघटना की वंदना चौरड़िया ने कहा कि जल ही जीवन है। इसका दुरुपयोग न करें। नूतन स्कूल के प्राचार्य ने भारतीय जैन संगठन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस स्कूल में टंकी की समस्या काफी दिनों से थी। आप सभी ने बड़ा ही नेक कार्य किया है। इस अवसर पर भारतीय जैन संघटना की गौरी लोढ़ा, सचिव शिमला पारख, राजकुमारी पारख, सरला पारख उपस्थित थे।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

# राशि आहरित नहीं करने वाले अधिकारियों पर की जाएगी कार्रवाई : नम्रता गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित पत्रों की विभागवार बारी-बारी से समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि आगामी 7 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत जिला मुख्यालय सहित विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने की वजह से विभाग द्वारा जिला कार्यालयों को बजट आबंटित किये जा रहे हैं। अधिकारी ध्यान रखें कि प्राप्त बजट का उपयोग समय पर करें, किसी भी स्थिति में बजट लैप्स न हो। उन्होंने कहा कि राशि आहरित नहीं करने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने जिले के राजस्व भूमि का सर्वेक्षण कर पौधरोपण हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



महतारी वंदन योजना के तहत जिला और विकासखण्डों में 7 मार्च को होंगे कार्यक्रम

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने जिले के 130 कमार बसाहटों में रोजगारमूलक कार्य संचालित करने के लिये बांस एवं फलदार पौधों की रोपणी तैयार करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उक्त बसाहटों में सामुदायिक पोषण वाटिका, नाला ट्रीटमेंट, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने कहा।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि कमार हितग्राहियों को विश्वकर्मा योजना से जोड़ें तथा उनके कार्यों के अनुरूप उन्हें टूल-किट प्रदान करें। साथ ही कमार परिवारों को श्रम विभाग की पंजीयन के तहत बंसोड़ में शामिल किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ियों की रसोई को धुआंमुक्त करने के लिये गैस कनेक्शन दिए गये हैं। अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि सिलेण्डर की नियमित रिफलिंग होते रहे। उन्होंने अधिकारियों निर्देशित किया कि गर्मी का मौसम आ रहा है। अस्पताल, स्कूल, आंगनबाड़ी में पंखा, कूलर आदि की मरम्मत सुनिश्चित की जाये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती शमा फारूखी, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रीष्मावकाश में बाल साहित्य सृजन पर लगेगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्रकाशित शैक्षिक पत्रिका चर्चा पत्र में अशोक पटेल के साहित्य सृजन में योगदान और भूमिका को प्रमुखता के साथ स्थान दिया गया है। श्री पटेल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में व्याख्याता हिंदी के पद पर पदस्थ हैं जो लगातार साहित्य के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाते हुए बाल-साहित्य सृजन हेतु अपनी शाला सहित और अन्य शालाओं के बच्चों को बाल-कविता, कहानी, पहेलियां, सृजन हेतु प्रेरित कर रहे हैं। इस ग्रीष्मावकाश में वे शाला के बच्चों को साहित्य सृजन करना सिखाएंगे। बाल साहित्य बाल कहानी के भी गुर सिखाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए बच्चे काफी उत्साहित हैं। उनके इस प्रयास की शाला के शिक्षकगण तिलक राम साहू, संतोष साहू, साहित्यकार भोला राम सिन्हा, परमेशदीप मानिकपुरी, उषा निर्मलकर ,श्याम सुंदर साहू, महेन्द्र साहू, जीवन लाल चंद्राकर, अशोक यादव ने प्रशंसा की है।




**पितृ दोष शांति पूजा 10 को**

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के तत्वावधान में पितृ दोष शांति पूजन 10 मार्च को रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया है। पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक के पुजारी के पास पंजीयन करा सकते हैं।

## मास्टर वर्ग में बॉडी बिल्डर रमेश ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




तमिलनाडु में आयोजित नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में मास्टर वर्ग में नगर के अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रमेश कुमार हिरवानी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। इससे पहले भी उन्होंने 2012 और 2013 वर्ष में रजत और कांस्य मेडल प्राप्त किया था । ज्ञात हो कि नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 25 फरवरी को जीपीयर यूनिवर्सिटी चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित हुई जिसमें नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में मास्टर वर्ग में 50 प्लस 80 किलोग्राम में धमतरी के अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रमेश कुमार हिरवानी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त किया।

श्री हिरवानी की इस सफलता पर अरविंद सिंह अंतरराष्ट्रीय कोच, महेंद्र कुमार टीकम, राजशेखर राव, रायपुर बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला, सचिव माणिक ताम्रकार, उत्तम साहू, सुमित, विश्वास दुर्गा, बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव अमित बंछोर, आरएच फिटनेस क्लब के सभी सदस्य, क्लब की आयोजक श्रीमती नूतन हिरवानी, एडवोकेट विपिन पवार समेत शहर के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शिक्षिकाओं, छात्राओं को दी पाक्सो एक्ट की जानकारी

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में संकुल स्तरीय नोनी उत्थान कार्यक्रम के तहत संकुल की महिला शिक्षकों तथा किशोरी बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई। संकुल स्तरीय प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी व्याख्याता सीमा सोनी ने बताया कि किशोरी बालिकाओं को विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा अपना स्वास्थ्य, खान-पान, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी है। स्कूलों में फर्स्ट एड बॉक्स की उपयोगिता एवं आवश्यक दवाइयों का होना आवश्यक है।

## यादव समाज के जितेंद्र अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग झेरिया यादव समाज ब्लॉक धमतरी का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत यादव की अध्यक्षता में बोड़रा मंडल के बाजार चौक में हुआ। सुबह 10 बजे शोभायात्रा, दोपहर 12 बजे दीप प्रज्ज्वलन, अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन, वृद्धजनों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। 7 पदों पर चुनाव हुआ। अध्यक्ष जितेंद्र यादव, उपाध्यक्ष नरेश यादव, कोषाध्यक्ष, भीखु यादव, सचिव केदार यादव, सहसचिव ललित यादव चुने गए।

कार्यकारणी सदस्यों में लोकेश यादव, पुनीत यादव शामिल हैं।



मौके पर तरसींवा मंडल अध्यक्ष सरोज यादव पोटियाडीह मंडल जितेंद्र यादव, परेवाड़ीह मंडल से पंच राम यादव, सोरम मण्डल देवचंद यादव, बोड़रा मंडल से व्यास यादव, अछोटा मंडल से गोवर्धन यादव, डाही मंडल से रोशन यादव, सेमरा बी मंडल से मनहरण यादव, ब्लॉक सलाहकार रामकृष्ण यादव, रामस्वरूप यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने 3500 सांपों का जीवन बचाने वाले सूर्यकांत को किया सम्मानित



■ प्राणियों की रक्षा करना सराहनीय कार्य : नम्रता गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने सर्प मित्र सूर्यकांत साहू को प्रमाण पत्र और स्नैक स्टिक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेजुबान प्राणियों की रक्षा करना सराहनीय कार्य है, इसके लिये श्री साहू की कलेक्टर ने प्रशंसा भी की। सूर्यकांत साहू ने बताया कि उन्हें सांप पकड़ने में रूचि है। उन्होंने लोगों को जब सर्प को पकड़कर मारते देखा तो उनके मन में विचार आया कि इन असहाय प्राणियों की रक्षा करना प्रकृति संतुलन की दृष्टि से जरूरी है। इसके बाद उन्होंने दृढ़ निश्चिय किया कि जैव विविधता एवं सांपों के प्रजाति को बचाने हरसंभव कोशिश करेंगे।

श्री साहू ने बताया कि लोगों के घरों में घुसे सांप की जानकारी मिलते ही वे उसे पकड़कर वनों में छोड़ देते हैं। वे वर्ष 2008 से लगातार रूद्री और रूद्री से 20 किलोमीटर तक के क्षेत्रों में जाकर जहरीले सर्प पकड़ने का निःशुल्क कार्य किया। उन्होंने अब तक विषैले सर्प जैसे करैत, नाग, रसैल, वाईपर तथा गैर विषैले सर्प असोड़यि, डोड़िया, अहराज, अजगर प्रजाति के कुल 3500 सांपों को पकड़कर बरारी, खिरकीटोला व सोरम के जंगलों में छोड़ा है।

### पुरी में संगीतमय मानस गान प्रतियोगिता 6 से

**पुरी।** ग्राम पुरी में छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता 6 से 7 मार्च आयोजित की गई है। दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ अवसर की मुख्य अतिथि श्रीमती दुर्गा सुकदेव नेताम सरपंच पंचायत पुरी होंगी। अध्यक्षता पुष्पेन्द्र साहू उपसरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि शंकर लाल साहू, नारायण सिंह यादव, श्रीमती इंदिरा बाई देवदास, विजय ध्रुव, श्रीमती सीतेश्वरी साहू, चिरौंजी लाल साहू पूर्व सरपंच होंगे। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी नरेन्द्र साहू होंगे। अध्यक्षता बालाराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. रामेश्वर यादव, मयाराम ध्रुव सेनि तहसीलदार, पुनऊ राम निर्मलकर, फत्तेराम नेताम, सुकदेव नेताम होंगे। 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छन्नू-मन्नू छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम निपानी जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए आज दौड़ेगा धमतरी

■ 150 से अधिक लोगों का हुआ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए जन जागरूकता बढ़ाने 5 मार्च की सुबह 6 बजे इंडोर स्टेडियम से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 150 से अधिक लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है।

विभिन्न कैटेगरी में दौड़ होगी। 6 से 12 वर्ष बच्चों की दौड़ सुबह 6:30 बजे इंडोर स्टेडियम से घड़ी चौक, 12 से 18 वर्ष एवं 18 से 45 वर्ष के युवा सुबह 6 बजे इंडोर स्टेडियम से इंडोर स्टेडियम तक, 45 से 60 वर्ष के नागरिक सुबह 6 बजे इंडोर स्टेडियम से घड़ी चौक तक एवं युगल समूह मां बेटी या पिता बेटी सुबह 6:15 बजे इंडोर स्टेडियम से इंडोर स्टेडियम, दिव्यांग बच्चे, युवा एवं नागरिक सुबह 6: 45 बजे इंडोर स्टेडियम से दौड़ लगायेंगे।



मैराथन दौड़ इंडोर स्टेडियम से गौरव पथ, इतवारी बाजार, घड़ी चौक, रत्नाबांधा, अंबेडकर चौक होते हुए इंडोर स्टेडियम में समाप्त होगी। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं टीशर्ट भी दी जायेगी। कलेक्टर नम्रता गांधी ने ज्यादा से ज्यादा नागरिकों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि बालिका स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान के साथ बालिका जन्म पर उत्सव मनाने तथा बालक, बालिका भेदभाव को दूर करने एवं समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, बालिकाओं को शिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने मैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है।

## सामाजिक बुराइयों को दूर करने संत गाडगे की भूमिका अहम रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र लोहरसी का वार्षिक अधिवेशन ग्राम रुद्री एवं परिक्षेत्र झिरिया का वार्षिक अधिवेशन ग्राम कलारतराई में हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू थे। इस अवसर पर समाज के वार्षिक क्रियाकलापों के बारे में चर्चा की गई तथा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों को प्रशस्त्रि पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओंकार साहू ने संत गाडगे के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक बुराइयों को दूर करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का बखान किया और समाज को उनके बताए रास्ते पर आगे ले जाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। लोहरसी वार्षिक अधिवेशन में कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहित निर्मलकर अध्यक्ष झिरिया धोबी समाज परिक्षेत्र लोहरसी ने की। विशिष्ट अतिथि होरीलाल साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल धमतरी, जागेश्वर साहू जनपद सदस्य रुद्री धमतरी, अनीता यादव सरपंच रुद्री, प्रीतम साहू उपसरपंच रुद्री, केवलराम साहू अध्यक्ष साहू समाज रुद्री थे। परिक्षेत्र झिरिया के वार्षिक अधिवेशन में कार्यक्रम की अध्यक्षता लवनकिशोर साहू सरपंच कलारतराई ने की। विशिष्ट अतिथि प्रेमलाल निर्मलकर संरक्षक धोबी समाज, लच्छूराम निर्मलकर क्षेत्रीय अध्यक्ष धोबी समाज, भागीरथी निर्मलकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धोबी समाज, पीताम्बर निर्मलकर सचिव धोबी समाज, दुलेश्वर निर्मलकर उपसरपंच कलारतराई, प्रताप निर्मलकर क्षेत्रीय ग्रामीण पंच धोबी समाज थे।

सुखराम नागे कालेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

# सेवा की भावना पर आधारित फौजी के जीवन का प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में मुख्य अतिथि श्रीमती पिंकी शाह एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो.आरआर मेहरा के मार्गदर्शन में स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ.श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, श्रीमती मीना बंजारे, श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, श्रीमती आराधना शुक्ला, हृदयलाल साहू, श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, नागेन्द्र शुक्ला, अजय नाहटा, हुमित लिमजा, मन्नूलाल यादव, कमल डागा, हनी कश्यप, रवि भट्ट, द्विमेन्द्र परिहार थे। महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्रों ने रचनात्मक कला, कौशल का आकर्षक प्रदर्शन किया जिसमें राष्ट्रीय सेवा की भावना पर आधारित फौजी के जीवन दृश्य को प्रस्तुत किया गया। समाज को जर्जर बनाने वाले नशा पर तीखा व्यंग्य करते हुए उसके दुष्परिणाम को प्रस्तुत किया। कृष्ण लीला की प्रस्तुति हुई। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी रिमिक्स एवं अन्य उद्देश्यपरक की प्रस्तुति दी गई । एमए इतिहास 2022-23 विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में गोदावरी तृतीय, गीतेश्वर षष्टम, भूपेश सप्तम, शिवांगी आठवां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। राज्यस्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता में सहभागिता करने पर गजाधर कश्यप को सम्मानित किया गया। जलनयन थल सेना, नोमीशरण बीएसएफ, रोशनी मानिकपुरी सीआईएसएफ एवं डिगेश्वर साहू अग्निवीर में चयन होने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती शाह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिये जो कर सकते हैं, अवश्य करेंगे। प्राचार्य ने महाविद्यालय के विकास और विद्यार्थियों की गुणवत्तापरक शिक्षा के लिये मांगपत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मोहित कुमार, डॉ. अंबा शुक्ला, शीबा खान ने किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ.रमेश कुमार देवांगन, प्रो.कौशल नायक, प्रो.लालमन बेरवंश, प्रो.दीपा देवांगन, प्रो.कविता नारंग सहित अतिथि व्याख्याता डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, प्रमोद चौरे, अविरल तिवारी, मनोज बारले, त्रिलोचन साहू, अब्बास मेमन उपस्थित थे।







